दिन– बुधवार दिनांक– 18 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

दिल्ली की राउज एवन्यू अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव तथा अन्य लोगों के खिलाफ सम्मन जारी किया है। सभी आरोपियों को सात अक्टूबर तक अदालत में हाजिर होने के निर्देश दिए गये हैं। लालू प्रसाद के बडे बेटे तेज प्रताप यादव को पहली बार इस मामले में सम्मन भेजा गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मामले में छह अगस्त को अदालत में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी। जिसमें कहा गया है कि लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे के पश्चिम–मध्य मंडल में ग्रुप–डी की कई भर्तियों में अनियमितता बरती गयी है। आरोप है कि लालू प्रसाद ने भर्ती हुए लोगों से अपने परिवार और साथियों के नाम जमीन हस्तांतरित करवाई थी।

————————————————————————————

भारतीय न्याय संहिता के नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत एक जुलाई से तीन सितम्बर तक कुल पांच लाख छप्पन हजार प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

————————————————————————————

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस मुस्लिम समुदाय की बेहतरी के लिए लाया गया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि इस विधेयक के जरिये सरकार वक्फ सम्पत्तियों के पारदर्शी और जिम्मेदारीपूर्ण प्रबंधन को सुनिश्चित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक के विभिन्न बिन्दुओं पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति, जेपीसी अपनी रिपोर्ट इस वर्ष शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में दे सकती है।

————————————————————————————

प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों में लगातार बारिश के साथ ही पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के कारण गंगा समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट, हाथीदह में लगातार खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, मुंगेर और भागलपुर में भी नदी का जलस्तर खतरे के निशान के अत्यंत करीब

पहुंच गया है। सोन और पुनपुन नदी के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इधर, घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान से करीब आधा मीटर ऊपर दर्ज किया गया।

———————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्र में सत्रह पंचायतों के छिहत्तर विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थिति सामान्य होने तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इधर, वैशाली के जिला शिक्षा पदाधिकारी बिरेन्द्र नारायण ने राघोपुर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बावन विद्यालयों में पठन–पाठन बंद करने के निर्देश दिये हैं। जारी पत्र में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को इन विद्यालय के शिक्षकों को हालात सुधरने तक निजदीक के विद्यालयों में प्रतिनियुक्त करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैमूर स्थित मां मुंडेश्वरी वन्य प्राणी इको पार्क और तेल्हार कुंड जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकर्पण किया। मुख्यमंत्री ने तियरा पंप केनाल का हवाई अवलोकन भी किया। श्री कुमार ने प्रवरा पहाड़ी स्थित माता के मंदिर में पूर्जा अर्चना भी की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष दो हजार पच्चीस की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण आज से आरंभ हो गया है। सोलह अक्टूबर तक पंजीकरण कराया जा सकता है। सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय cbse.gov.in पर अपने छात्रों का पंजीकरण करवा सकते है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।